>

Title: Need to introduce transit-flight at Ranchi Airport for the Haj Pilgrims of Jharkhand - Laid.

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : महोदय, मेरे गृह राज्य झारखण्ड में हज यात्रा करने के लिए हज यात्रियों को कोलकाता एवं पटना जाना पड़ता है। हज यात्रा में जाने के लिए हज यात्री के रिश्तेदार एवं दोस्त एयरपोर्ट तक छोड़ने जाते हैं। अगर रांची एयरपोर्ट से हज यात्रियों की ट्रांसिट फ्लाईट शुरू हो जाये तो झारखण्ड में रहने वाले मुसलमान भाईयों को सुविधा मिलेगी। अतः झारखण्ड के मुस्लिम भाईयों के लिए हज यात्रियों के लिए रांची एयरपोर्ट से ट्रांसिट फ्लाइट को शुरू किया जाये। झारखण्ड में मुस्लिम भाई अधिक संख्या में हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि रांची एयरपोर्ट से हज यात्रा के लिए ट्रांसिट फ्लाइट अविलम्ब शुरू किया जाये।